| तालिका-1 | |
|---|---|
| **वाहन के प्रकार** | **आधार वर्ष 2007-08 के लिए फीस की प्रति कि.मी. आधार दर (रु. में)** |
| **(1)** | **(2)** |
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 0.65 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहन या मिनी बस | 1.05 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 2.20 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 2.40 |
| भारी संनिर्माण मशीनरी (एचसीएम) या अर्थ मूविंग उपस्कर (ईएमई) या बहुधुरीय (एमएवी) (4 से 6 धुरी वाले) | 3.45 |
| विशाल आकार के वाहन (7 या अधिक धुरी वाले) | 4.20 |

1. इसके अंतर्गत उदगृहीत और संग्रहीत की जाने वाली फ़ीस ऐसे पथकर प्लाजा के लिए विनिर्दिष्ट सड़क लंबाई हेतु पथकर प्लाजा पर देय और संदेय होगी, अर्थात्:-

| तालिका -2 | | |
|---|---|---|
| **पथकर प्लाजा का अवस्थान (चैनेज)** | **लंबाई (कि.मी. में) जिसके लिए शुल्क संदेय है** | **दर जिस पर शुल्क संदेय है।** |
| उत्तर प्रदेश राज्य के मिर्जापुर जिले के गोपालपुर गाँव में एन.एच.-76ई (नया एन.एच-35) पर डिजाइन कि.मी. 477.450 पर विद्यमान | **12.070 किमी** | 4 लेन के लिए उक्त तालिका - 1 में उल्लिखित आधार दर का 100 प्रतिशत |
| | **24.601 किमी** | 2 लेन/पेव्ड शोल्डर सहित/ 2-लेन के लिए उक्त तालिका-1 में उल्लिखित आधार दर का 60 प्रतिशत |
| **कुल योग** | **36.671 किमी** | |

2. जिस व्यक्ति का अपना यांत्रिक वाहन, गैर-वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पंजीकृत हुआ हो और वह शुल्क प्लाजा से 20 कि.मी. तक की दूरी में ही रहता हो, उसके लिए वर्ष 2020-21 के लिए मासिक पास की दर 275.00 रु. (दो सौ पचहत्तर रुपए मात्र) होगी और उक्त नियमों के उपबंधों के अनुसार उसमें प्रत्येक वर्ष संशोधन किया जायेगा।

3. राजमार्ग खंड पर बहु यात्राओं के लिए निम्नलिखित दरों पर पास जारी किए जाएंगे, अर्थात्

| तालिका-3 | | |
|---|---|---|
| **संदेय राशि** | **अनुमत एकतरफा यात्राओं की अधिकतम संख्या** | **वैधता की अवधि** |
| एकतरफा यात्रा के लिए शुल्क का डेढ़ गुना | दो | भुगतान के समय से 24 घंटे |
| पचास एकल यात्राओं के लिए भुगतान योग्य शुल्क की राशि का दो तिहाई | पचास या उससे अधिक | भुगतान की तारीख से एक महीना |

4. जिस जिले में शुल्क प्लाजा पड़ता है उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) के लिए शुल्क उस श्रेणी के वाहन के लिए विनिर्दिष्ट शुल्क का 50 प्रतिशत होगा, बशर्ते कि ऐसे वाणिज्यिक वाहनों के उपयोग के लिए कोई सर्विस रोड या वैकल्पिक सड़क उपलब्ध न हों।

5. जो यांत्रिक वाहन अपनी श्रेणी के लिए निर्धारित अनुज्ञेय भार की अपेक्षा अधिक भार से लदा होगा उसके चालक अथवा प्रभारी व्यक्ति को ऐसे अधिक भार से लदे हुए वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रवेश कराने के लिए शुल्क संग्रहण एजेंसी को उक्त नियमों के नियम 10 के उपनियम 1 ए में विनिर्दिष्ट के अनुसार शुल्क का भुगतान करना होगा और उसे राजमार्ग खंड का उपयोग करने की तब तक अनुमति नहीं होगी जब तक की ऐसे यांत्रिक वाहन से अधिक भार को हटा नहीं दिया जाए।

6. यांत्रिक वाहनों की श्रेणी, उनके लिए अनुज्ञेय भार, छूट प्राप्त वाहनों की श्रेणी, सर्विस रोड, वैकल्पिक सड़क आदि सहित सभी परिभाषाएं नियमों में विनिर्दिष्ट परिभाषाओं के अनुसार होगी।

